## आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

35.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे।
- केशव कृपा भवन में परिषद की विभाग बैठक में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सामाजिक समरसता प्रमुख देव रावत दोपहर 2 बजे।
- श्री सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सुंदर कांड का अर्थ सहित गायन शाम 7 :30 बजे।
- विंडरमियर थियेटर में नाटक हुंकारो का मंचन शाम 7 बजे।
- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा इकाई द्वारा हरेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक हाईडिल गेस्ट हाउस में दोपहर 3 :30 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में स्वर अर्पण कार्यक्रम शाम 5 :15 बजे।
- शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद का चुनाव एमबी इंटर कालेज में सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### विजिलेंस और एचआर टीम ने पकड़ी बिजली चोरी

बरेली, अमृत विचार : एचआर और विजिलेंस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर मार्निंग रेड करके चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 8 जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर शनिवार सुबह एचआर टीम ने जगतपुर, बजरिया पूरनमल में चेकिंग की। जिसमें तीन जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। इसके अलावा शहरी क्षेत्र की विजिलेंस टीम ने बाग बृगटान में पांच जगह बिजली चोरी पकड़ी।










जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। बरेली कॉलेज, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज समेत तमाम शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों ने योगासन कर निरोगी रहने का संदेश दिया। ● अमृत विचार

# मिट्टी-गिट्टी से भरे सड़कों के गड्ढे, अब बारिश खोल रही पोल

## शहर की सड़कों में कई गड्ढों ने लिया बड़ा आकार, वाहन चालकों को निकलने में हो रही परेशानी, हादसे का बना खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर में जैसे-तैसे सड़कों के गड्ढों को भरकर मरम्मत का काम पूरा करने का दावा करने वाले विभागों की पोल बारिश ने खोलकर रख दी है। कई जगहों पर मिट्टी और गिट्टी बहकर गड्ढों से बाहर आ चुकी है। ऐसे में सड़कें फिर से पहले जैसी हालत में आ गई हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई जगहों पर मुख्य सड़कों के अलावा कॉलोनियों में कुछ समय पहले नगर निगम और लोक निर्माण विभाग ने बड़े-बड़े गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी और गिट्टी डालकर खानापूरी की थी। इन मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि बारिश में यह उखड़ने लगी है। जगह-जगह गड्ढों ने बड़ा आकार ले लिया है, जिसके कारण हल्की बारिश में ही पानी भर जा रहा है। कई इलाकों में बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं और चारपहिया वाहन चालकों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सिटी स्टेशन रोड पर सीवर लाइन डालने के बाद जल निगम ने सड़क बनाई थी लेकिन छह माह बाद सड़क टूटने लगी तो लोक निर्माण विभाग ने लाखों रुपये का बजट पैचवर्क पर खर्च कर गड्ढे भर दिए लेकिन न तो ठीक से रोलर चलाया गया और न ही गिट्टी पर तारकोल डाला गया। इसकी वजह से अब बारिश में गड्ढे हो गए हैं।

शहामतगंज के पास एक गड्ढा बीच सड़क में है। इसे नगर निगम ने कुछ समय पहले भरवाया था लेकिन बारिश में गड्ढा बड़ा आकार ले चुका है। यहां पर कई बार लोग गिरकर घायल हो गए है। कालीबाड़ी रोड पर तीन जगहों पर गड्ढे भरे गए थे लेकिन बारिश में पहले जैसे हो गए हैं।

पटेल चौक के पास गड्ढों को रेत, बजरी से भरा गया था, यहां पर फिर से गड्ढे हो गए हैं। इसी तरह से मालगोदाम रोड पर धंसी सड़क के बाद मिट्टी और बजरी डालकर खानापूरी की गई थी जो अब उखड़ रही है। जंक्शन रोड पर खुदाई के बाद सड़क के गड्ढे भरे गए थे लेकिन गिट्टी और रेत उखड़ने से राहगीर झटके खा रहे हैं।



कालीबाड़ी रोड पर बारिश में पैचवर्क उखड़ने से सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है। ● अमृत विचार










## कल बारिश का ऑरेंज अलर्ट भारी बारिश से लुढ़केगा पारा

**बरेली, अमृत विचारः** मौसम विभाग ने सोमवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। वहीं शनिवार को दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। रात में भी तापमान बढ़ने से लोगों को दिक्कत हुई।

जिले में अधिकतम तापमान में सामान्य से 6.1 डिग्री सेल्सियस कम 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया सोमवार को तेज बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ बिजली भी चमक सकती है।

इसके चार दिन बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान बारिश के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 30-34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक दर्ज हो सकता है।

# नगर निगम बोर्ड कार्यकारिणी का चुनाव 25 को

- **80 पार्षदों और छह पदेन सदस्यों के वोट से चुने जाएंगे छह सदस्य**

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने बोर्ड की कार्यकारिणी के होने वाले चुनाव को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। 25 जून को चुनाव होना है। इसकी सभी सदस्यों को सूचना दे दी गई है।

नगर निगम बोर्ड की कार्यकारिणी के छह सदस्य चुने जाएंगे। सदस्यों के चुनाव में एक सांसद, दो विधायक और एक एमएलसी पदेन सदस्य और 80 पार्षद मतदान करते हैं। इसमें 52 पार्षद भाजपा के, 12 सपा के और 11 निर्दलीय हैं। मेयर भी मतदान करते हैं। नगर निगम की बोर्ड कार्यकारिणी में भाजपा के पास बहुमत है। वहीं सपा की स्थिति पिछली बार से भी ज्यादा खराब है। नगर निगम में 25 जून को बोर्ड हॉल में कार्यकारिणी का चुनाव सुबह 11 बजे शुरू होगा। संभावना जताई जा रही है कि कार्यकारिणी के सदस्य निर्विरोध भी हो सकते हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि बोर्ड की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ | सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# बिजली संकट गहराने पर ठीक करा रहे केबल और ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर में लगातार बिजली संकट गहराने के बाद बिजली अधिकारियों को काम कराने की याद आई है। शनिवार को कई सबस्टेशन पर सुधार के काम कराए गए। इसकी वजह से आपूर्ति बाधित रही और लोगों को परेशानी हुई।

गर्मी के बाद बारिश में भी बिजली संकट कम नहीं हो रहा है। शनिवार दोपहर 12 बजे राजेन्द्र नगर सबस्टेशन के जनकपुरी फीडर पर फ्लैश ओवर होने से सभी फीडर पर आपूर्ति बाधित हो गई। इसकी वजह से दो घंटे तक परेशानी हुई। इसके अलावा सनसिटी सबस्टेशन के वीर सावरकर नगर में भी लोकल फाल्ट के चलते आपूर्ति रात 8 से 9 बजे तक बाधित रही। कुतुबखाना सबस्टेशन की आर्य समाज गली, कुमार टाकिज, आला हजरत फीडर, सीता कुंचा राम में भी शनिवार को बिजली का संकट रहा। वहीं, जगतपुर सबस्टेशन के बुखारपुरा में भी कटौती की गई। संजय नगर बाईपास फीडर को दुर्गा नगर उपकेंद्र से खोलकर डीडीपुरम उपकेंद्र से चालू करने के लिए तीन घंटे तक कटौती हुई। किला सबस्टेशन के कई इलाकों में हाई वोल्टेज होने से लोगों के घरों के उपकरण फुंक गए। वनखंडीनाथ फीडर के सब्जी मंडी के पास लगे ट्रांसफार्मर की जर्जर बंच केबल को बदलने का काम किया गया, जिससे दो घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति बंद रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के मोती पार्क में ट्रांसफार्मर की 3.5 कोर की केबल बदलने का काम हुआ।

इसके चलते ढाई घंटे से अधिक समय तक कटौती हुई। सुभाषनगर उपकेंद्र के बीडीए प्रथम, द्वितीय फीडर की ट्रॉली स्लिप होने से कटौती हुई। किला, बाकरगंज, हुसैन बाग, शाहदाना, सिविल लाइंस, बदायूं रोड, मढ़ीनाथ और डेलापीर के साथ इज्जतनगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी शनिवार को लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान हुए।



लाइन बिछाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# भूमि विकास बैंक अब छह लाख तक का लोन छह प्रतिशत ब्याज पर देगी

- **सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले, मुख्यमंत्री ने सहमति जताई जल्द शासनादेश होगा जारी**
- **साधन सहकारी समितियों को 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट देने से हजारों किसानों को हुआ लाभ**

राकेश शर्मा, बरेली

**अमृत विचारः** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की जल्द ब्याज दर कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने बताया कि सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी कृषि गतिविधियों के लिए लाखों रुपये का ऋण लेने वाले प्रदेशभर के हजारों किसानों को बड़े स्तर पर फायदा पहुंचेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत करते हुए बरेली के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग के मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रही थी। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगी। इसके साथ ही साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। साधन सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। उन्हें मंजूरी दे दी है। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है। नाबार्ड इस स्कीम को देशभर में लागू कराने की तैयारी कर रहा है। बताया कि साधन सहकारी समितियों के मेंटीनेंस के लिए भी 10-10 लाख रुपये दिए हैं, इससे कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सेवा भी शुरू होगी। बिजली व्यवस्था के लिए दो किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया जा रहा है।



सर्किट हाउस में बातचीत करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर।

### 70 करोड़ रुपये ने समितियों को दी संजीवनी

जेपीएस राठौर ने बताया कि साधन सहकारी समितियों से किसानों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें 30 लाख किसानों को समितियों का सदस्य बनाया। इन सदस्यों से 70 करोड़ रुपये शेयर कैपिटल के रूप में जमा भी कराए। इस रकम ने समितियों को संजीवनी देने का काम किया।

### जिला सहकारी बैंकों ने 100 करोड़ का लाभ कमाया

सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य में 50 जिला सहकारी बैंकों की 1260 शाखाएं हैं। 50 में से पहले 16 बैंक बंद थीं। सभी के लाइसेंस नवीनीकरण कराए। अब सभी बैंक फायदे में हैं। घाटे को पूरा कर करीब 100 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इटावा की जिला सहकारी बैंक में 2014 से पहले 102 करोड़ रुपये की गड़बड़ी हुई थी। इस प्रकरण में उन्होंने 12 से अधिक लोगों को जेल भेजा है।

# पांच ग्राम पंचायतों की आबादी हो गई शहरी, कम होंगे बीडीसी वार्ड

- **जिला पंचायत सदस्य के वार्डों में भी होगा संशोधन पंचायत चुनाव को लेकर शुरू हुई तैयारी**
- **पंचायत चुनाव से तीन माह पहले होगा परिसीमन जनसंख्या के आधार पर आरक्षित होंगे वार्ड**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। 2021 में हुए पंचायत चुनाव के सापेक्ष जिले में ग्राम पंचायतों की संख्या कम हो गई है। नगर निकाय के चुनाव में पंचायतें निकायों में शामिल होने से ग्रामीण आबादी भी कम हो गई है। इसका असर बीडीसी वार्डों पर पड़ेगा। जबकि जिला पंचायत के वार्डों में संशोधन किया जाएगा। पंचायत चुनाव से तीन माह पहले परिसीमन शुरू हो जाएगा और जनसंख्या के आधार पर वार्ड आरक्षित किए जाएंगे।

वर्ष 2020-21 में पंचायत चुनाव हुए थे। उस वक्त जिले में 1188 ग्राम पंचायतें थीं। उसके अनुसार, ग्राम पंचायतों में 29 लाख 90 हजार 531 की आबादी थी। इसमें अनुसूचित जाति की 450929, अति पिछड़ा वर्ग के 2012911, सामान्य वर्ग के 526691 लोग थे। 2022 में हुए नगर निकाय के चुनाव में परिसीमन के बाद मझगवां ब्लॉक की बेहटा जुनू और इसकी 2308 आबादी, नगरिया सतन की 2610, अवादानपुर ग्राम पंचायत और इसकी 1172 आबादी नगर निकाय में शामिल हो गई थी। इसी तरह से नवाबगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत याकूबपुर और इसकी 3122 आबादी, बहोरनगला और यहां की 2319 आबादी नगर निकाय में मिल गई थी। इसके बाद 1188 ग्राम पंचायतें रह गई हैं, जिसमें 29 लाख 79 हजार की आबादी है। 448718 अनुसूचित जाति, 2005857 अति पिछड़ा वर्ग और 524424 सामान्य वर्ग की आबादी का अनुमानित आंकड़ा है। इस तरह से कुल 11 हजार 531 की आबादी निकाय में शामिल हुई थी, जिसमें 2211 अनुसूचित जाति की आबादी, 7054 अति पिछड़ा वर्ग, 2266 सामान्य वर्ग की आबादी निकायों में शामिल हो चुकी है।

मई में शासन से चुनाव से पहले गांवों के परिसीमन को लेकर शासनादेश जारी हुआ था, जिसमें कहा गया था कि पिछले पंचायत चुनाव के बाद ग्राम पंचायतों व राजस्व ग्रामों के शहरी क्षेत्र में शामिल होने से हुए बदलाव को लेकर आंशिक पुनर्गठन के संबंध में 5 जून से प्रस्ताव मांगे थे। पंचायती राज विभाग ने इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भेज दी है, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया कि जिले में ग्राम पंचायतों में पुनर्गठन नहीं होगा, क्योंकि जो पांच ग्राम पंचायतें निकायों में शामिल हुई हैं, वे पूरी चली गई हैं। ऐसे में फेरबदल की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, आबादी कम होने से बीडीसी के वार्ड कम हो जाएंगे, क्योंकि दो हजार की आबादी पर एक बीडीसी वार्ड बनाने का प्रावधान है। जिला पंचायत सदस्य के वार्डों के बढ़ने की संभावना नहीं है। पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने के तीन माह पहले परिसीमन शुरू हो जाएगा।

- 1188 ग्राम प्रधान हैं
- 14921 ग्राम पंचायत सदस्य पहले थे
- 14856 ग्राम पंचायत सदस्य अब बचे हैं
- 1467 बीडीसी हैं
- 60 जिला पंचायत सदस्य हैं
- 144 न्याय पंचायतें हैं

> पिछले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद दो ब्लॉकों की पांच ग्राम पंचायतें पूरी तरह से निकायों में शामिल हो गईं थीं। इसलिए ग्राम पंचायतों में पुनर्गठन नहीं होगा। बीडीसी वार्ड कम होंगे। जनसंख्या के आधार पर वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। रिपोर्ट निदेशालय को भेज दी गई है। – **कमल किशोर,** डीपीआरओ

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# कई कोर्सों में आधे से ज्यादा सीटें खाली

## रुविवि : चार पाठ्यक्रमों में एक भी छात्र नहीं, 46120 छात्रों ने कराया है पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में डिप्लोमा और कुछ पीजी डिप्लोमा कोर्सेस में विद्यार्थियों की संख्या बेहद कम है। 40 सीटों वाले कई डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 10 से भी कम छात्र हैं, जबकि चार पाठ्यक्रमों में छात्र ही नहीं हैं।

डिप्लोमा कोर्सेस में इलेक्ट्रॉनिक्स (ईआई) में आठ, इलेक्ट्रिकल (ईई) में नौ, सिविल (सीएच) में 15, मैकेनिकल (एमई) में 22 और इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन (ईसी) में 20 छात्र नामांकित हैं। जबकि मेंडेरियन, स्पैनिश, जर्मन और फ्रेंच जैसी विदेशी भाषाओं में छात्रों की संख्या पांच से भी कम है। पीजी डिप्लोमा कोर्सेस की बात करें तो एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट और योगा में शून्य नामांकन है। साइबर लॉ में नौ, ह्यूमन राइट्स में दो, लीगल और पैरा लीगल में चार व मीडिया लॉ में भी सिर्फ चार छात्र हैं।तकनीकी पाठ्यक्रमों की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। बीटेक के 340 स्थान लॉक हो चुके हैं, लेकिन 176 दाखिले अभी ड्राफ्ट में हैं। एमटेक (सीएस और ईई) में एक भी विद्यार्थी नहीं है। वहीं



बीफार्मा में 269, एमबीए में 102 और बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स में 630 छात्रों का नामांकन है।

यूजी कोर्सेस में बीएमएस (169), बीएमएचसीटी (72) और अंग्रेजी में दो प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (कम्युनिकेटिव इंग्लिश और बिजनेस इंग्लिश) में क्रमशः 21 और 10 छात्र हैं। एमए में भी कुछ विषय जैसे पाली भाषा और बौद्ध संस्कृति में केवल एक और दर्शनशास्त्र में नौ नामांकन ही हुए हैं। कुल मिलाकर विश्वविद्यालय में 46120 छात्रों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें से 3951 मुख्य परिसर के हैं। इनमें भी 2171 का दाखिला हो चुका है, जबकि 1780 अभी ड्राफ्ट में हैं। ट्रांजेक्शन 43855 छात्रों के हो चुके हैं। इस संबंध में मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश होंगे।

## बरेली कॉलेज में बीएससी बायो की मेरिट अगले सप्ताह तक होगी जारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएससी बायो में प्रवेश के लिए मेरिट अगले सप्ताह जारी की जाएगी। अभी 25 जून तक आवेदन होंगे। प्रवेश समिति विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। प्रवेश समिति के अनुसार बीएससी बायो में प्रवेश के लिए 720 सीटों पर 1680 आवेदन आए हैं। छात्रों की ओर से अपलोड किए गए शैक्षिक प्रमाणपत्रों, जाति प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। बीएससी बायो समेत अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरे होने के बाद कक्षाएं संचालित होंगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट के आधार पर की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और प्रवेश पोर्टल पर नजर बनाए रखें।

- **दस्तावेजों की जांच अंतिम चरण में, 25 जून तक होंगे आवेदन**

## एडमिशन सेल करेगी विद्यार्थियों की मदद

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश शुरू हो चुके हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कॉलेज प्रशासन प्रवेश सेल बनाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के निर्देश पर सेल विद्यार्थियों के आवेदनों और दस्तावेजों के सत्यापन के साथ पाठ्यक्रम चयन जैसी प्रक्रिया में मार्गदर्शन देगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इस बार कॉलेज कार्यालय के बाहर एक अस्थाई काउंटर लगाया जाएगा, जहां कर्मचारी सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्यार्थियों को फॉर्म भरने, जरूरी दस्तावेज संलग्न करने और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए तकनीकी टीम को भी सक्रिय किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया जाएगा। अगले सप्ताह से मेरिट के आधार पर प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे। प्रवेश की तिथियां कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड के माध्यम से जारी की जाएंगी। कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी समेत अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेन हुए हैं। स्नातक में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 और परास्नातक की 30 जून है।

## योग को अपनाने का लिया संकल्प

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस सीईटी, सीईटीआर, नर्सिंग और मेडिकल कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया गया। खेल प्रशिक्षक नितिन सक्सेना और लीकेश शर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन करवाए। प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शरद जौहरी, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ. अभिनव पांडेय आदि मौजूद रहे। सीईटी में सौरभ गुप्ता, डॉ. सत्यदेव सिंह, नीता यादव और अनुभा ढाका की अगुआई में खेल प्रशिक्षक मोहित यादव विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। नर्सिंग कालेज में प्रिंसिपल डॉ.मुथु महेश्वरी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। सीईटीआर में इंजीनियर प्रदीप कुमार मौर्य और डॉ भूपेंद्र यादव ने योग कराया। उन्होंने छात्रों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करो। नियमित रूप से योग करो। खेल प्रशिक्षक रेनू बोरा ने बीटेक, बीबीए, बीसीए और बीएचएमसीटी के छात्रों को योगाभ्यास कराया।

- **खेल प्रशिक्षक ने छात्रों और शिक्षकों को योगासन कराए**

## सार-संक्षेप

### योगाभ्यास कराने के साथ फायदे भी बताए



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन एवं ग्लोबल हॉस्पिटल की ओर से लोटस नवदिया झादा, फॉर्म हाउस पर योग कराया गया। योग शिक्षिका नीति सिंह, आभा श्री ने लोगों को योगाभ्यास कराया। साथ ही इसके फायदे बताए। संचालन कुलदीप शर्मा ने किया। संस्था के योगाचार्य नीति सिंह, डॉ. विनोद राठौर, प्रतिमा जैसवार, डॉ. अमित राठौर, डॉ. आकांक्षा राठौर, डॉ. दीपक सिंह, केसी पटेल, शिक्षक संघ, अवनीश प्रताप सिंह (एबीएसए), पवन पटेल, डॉ. सुरेश गंगवार, डॉ. नीरज राठौर, सोहन लाल सागर, शैलेंद्र सिंह, सुशील कुमार आदि उपस्थिति रहे।

### रोग और तनाव मुक्त जीवन के लिए योग जरूरी



**बरेली, अमृत विचार :** इफको आंवला में शनिवार को इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजित प्रधान ने योग के जरिये कर्मियों को तनाव मुक्त रहने का संदेश दिया। टाउनशिप स्थित न्यू क्लब में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और इफको के वरिष्ठ अधिकारियों ने योगासन किए। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. इन्द्रा राठौर ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, धनुरासन, प्राणायाम सहित कई योगासन का अभ्यास कराया। महाप्रबंधक प्रदीप शर्मा, महाप्रबंधक मुकेश खेतान, महाप्रबंधक अमित गुप्ता, महाप्रबंधक हीरालाल आदि मौजूद रहे।

### महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र की रचना की



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामायण मंदिर में शनिवार को बाल संस्कार एवं योग शिविर का आयोजन हुआ। योग प्रशिक्षिका अनीता सक्सेना ने बताया महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र की रचना की थी। शिविर में बच्चों ने प्राणायाम अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी आदि आसन किए। प्रशिक्षिका ने सब बच्चों को हर दिन योग करने की शपथ दिलाई।

### मौलाना शहाबुद्दीन ने मदरसे के छात्रों के साथ किया योग



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मदरसे के छात्रों के साथ योगा किया। मौलाना ने कहा कि योगा हर रोज किया जाना चाहिए। इससे शरीर सेहतमंद रहता है।

### अस्पताल में डॉक्टर और कर्मियों ने किया योग



**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित ने शनिवार को योग कराया। इस दौरान रिषभ महेश्वरी, डॉ. विवेक, डॉ. सुविका, स्टाफ नर्स शीतल, सोनी, एलटी सुनील आदि मौजूद रहे।

### मानव सेवा क्लब ने लगाया योग शिविर



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने डीडीपुरम स्थित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर आयोजित किया। प्रकाश चंद्र और राजेश कुमार ने लोगों को योग आसन कराए और इसके लाभ बताए। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, अरुणा सिन्हा, प्रीति सक्सेना, मीरा मोहन, किरन सक्सेना, सुरेश बाबू मिश्रा, राहुल शर्मा,अभय भटनागर, वेद प्रकाश सक्सेना, सुनील शर्मा, हर्ष अग्रवाल,विजय कपूर, डॉ. एमएम अग्रवाल, राजेश कुमार, प्रकाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### योग सप्ताह का समापन, प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

**बरेली ,अमृत विचार :** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे योग सप्ताह का समापन शनिवार को हुआ। इस मौके पर प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्रों को पुरस्कृत किया गया। 15 जून को गांधी उद्यान से योग सप्ताह की शुरुआत की गई थी। 16 को स्लोगन प्रतियोगिता हुई, जिसमें इकरा आरिफ, दीपक माथुर, काव्या गौर विजयी रहे। 17 को निबंध प्रतियोगिता में कनिष्का गुप्ता, सचिन लोधी, तनवीर अहमद विजेता रहे। 18 जून को पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी गंगवार और अयान ने बाजीमारी। 19 को योगासन प्रदर्शन में अरविंद, जितेंद्र कुमार, काव्या गौर विजेता रहे। 20 जून को योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को योग कर योग सप्ताह का समापन किया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रति कुलपति डॉ. अशोक अग्रवाल ने कॉलेज में प्रतिदिन योगा करने के लिए सभी को बधाई दी। डॉ. निधि और डॉ. प्रियांशी ने योगा के फायदे बताए। सप्ताह भर हुईं प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, प्रो, सुशांत शाहू, डॉ. मोहित कुशवाहा, डॉ. हिमानी वर्मा, डॉ. माया प्रकाश, डॉ. तरुण, डॉ. सौरभ, डॉ. देवराज, डॉ. रामदेव, डॉ. सपना, डॉ. क्रांति, डॉ. राहुल, डॉ. राम बाबू, डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रियंका समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### योग को दिनचर्या में शामिल करने का लिया संकल्प



**बरेली,अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षक शबीना ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की एक प्राचीन कला है। शिक्षकों और बच्चों ने सूर्य नमस्कार से लेकर ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और शवासन जैसे आसनों का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी, उप प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। योग इसका एक अभिन्न अंग है। प्रशासक सुधांशु शर्मा ने कहा कि इस आयोजन ने शिक्षकों में योग के प्रति एक नई जागरूकता और रुचि पैदा की है। शिवानी, सबीना, रुचि, वर्षा, अंशुल, आशा, उमेश पटेल, क्रांति पटेल, छाया मौजूद रहीं।

### महाराजा अग्रसेन पार्क में योगाभ्यास किया



**बरेली, अमृत विचार :** कालीबाड़ी मंडल एवं अग्रवाल सेवा समिति की ओर से शनिवार को महाराजा अग्रसेन पार्क में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महामंत्री राजीव बूबना, अतुल अग्रवाल, राज अग्रवाल, रोहित राकेश, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में योग दिवस पर कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के झंडा मैदान में शनिवार को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बड़ी संख्या में डॉक्टर और छात्र- छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में सामूहिक योग नृत्य किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में झंडा मैदान में योगाभ्यास किया गया। उन्होंने अलग-अलग योगासन कराते हुए इसके फायदे भी गिनाए। डॉक्टरों, छात्रों और कर्मचारियों ने योग किया। इस मौके पर डॉ. नीतू और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग नृत्य किया। डॉ. किरण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक, डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ. राकेश तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि उपस्थित रहे।



योगाभ्यास करते डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. किरण अग्रवाल व अन्य।

- **डॉ. नीतू और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग नृत्य किया**



कार्यक्रम में बोलते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बरेली इंटरनेशल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. प्रियंका ए मसीह, उप प्रधानाचार्य डा. अनीता पी ने की।

आयोजन डॉ. एस लिन्थोईगाम्बी देवी, प्रो. आरसीएन ने किया। योगा शिक्षिका डॉ. नीतू शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। वहीं, शिक्षक कपिल पटेल के नेतृत्व में छात्रों ने विद्यालय परिसर से बिचपुरी गांव तक योग जागरूकता रैली निकाली। राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आनंद प्रकाश ने बिचुपरी में छात्र- छात्राओं,



शिक्षकों और गांव के लोगों को योग करने के लिए जागरूक किया। योग सप्ताह के तहत विद्यालय स्तर पर पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने रोहिलखंड कॉलेज एवं हास्पिटल में योग पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। आयोजन में दीपक कुमार सैम्पसन, दिनेश सिंह, अश्विनी सिंह, अभय सिंह, अनुराग शर्मा, गुंजन भाकुनी, मोहिनी गुप्ता, उत्कर्षा कुशवाहा, स्वेता सिंह, प्राची मिश्रा का योगदान रहा।

## योग का महत्व बताया

**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता चौहान ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। इसके बाद राम चंद्र मिशन (हार्टफुलनेस मेडिटेशन) के अभ्यासी सचिन शर्मा ने योगासन कराए। खेल एवं शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक राजू ने भी योगाभ्यास कराया। प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा, उप निदेशक अखिलेन्द्र सिंह, ज्योति हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार, नर्सिंग विभाग के उप-प्राचार्य ऋषभ कुमार, कार्यकारी अधिकारी आरएस पाल, प्रशासनिक अधिकारी गनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने योगाभ्यास किया

**बरेली, अमृत विचार :** केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केशलता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल और सेक्रेटरी डॉ. लता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। योग प्रशिक्षकों ने लोगों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार आदि आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही योग करने से होने वाले फायदे भी बताए। संचालन करते हुए डॉ. निशा और असिस्टेंट प्रो. अनुप्रिया एस लायल ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। योग प्रशिक्षक रितु ने कहा कि छात्रों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में 300 छात्र-छात्राओं एवं 50 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। नर्सिंग प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, डॉ. अरविंद कुमार जांगिड़, जीवन चंद्र पांडे, झेलिक सामंता, आरिन बर्ज, जगमोहन गंगवार, मंशी पांडे, सरीता, सतीश चंद्र , मनीषा मिश्रा मौजूद रहीं।



योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

- **केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में मना योग दिवस**

## सार-संक्षेप

### सब्जी विक्रेताओं के पक्ष में आप नेता सुनीता गंगवार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सब्जी मंडी में खीरे को लेकर हुए विवाद में कस्बे के एक व्यक्ति ने कुछ फल विक्रेताओं और सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ नगर पालिका में शिकायत की। जिस पर नगर पालिका ने फल - सब्जी विक्रेताओं को जगह खाली करने का नोटिस दिया। पीड़ितों की कहीं भी सुनवाई नहीं होने पर पहुंचीं पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने मौका मुआयना किया। फल और सब्जी विक्रेता रोड से हटकर फड़ लगाते आ रहे हैं जो अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आ रहा है। सुनीता गंगवार ने कहा कि नवाबगंज नगर पालिका के अधिकारियों को नवाबगंज कस्बे में नेताओं और दबंगों ने जो अतिक्रमण किया है वह नहीं दिखाई देता है केवल गरीबों पर कार्रवाई होती है।

### कैंटर की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर धनेटा के पास अनियंत्रित कैंटर ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसे बेसुध हालत में अस्पताल भेज दिया। शनिवार दोपहर बाद दिल्ली हाईवे पर धनेटा फाटक के पास एक युवक भाखड़ा नदी पुल की ओर से पैदल धनेटा फाटक की ओर आ रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित कैंटर ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मौका पाकर चालक कैंटर को लेकर फरार हो गया। युवक बेसुध होने और उसके जेब से कोई पते की आईडी नहीं मिलने के करण उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### रामनगर मेमो ट्रेन में महिला कोच लगाने की मांग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बरेली सिटी से रामनगर के बीच चलने वाली मेमो ट्रेन में महिला कोच लगाने की मांग तेज हो गई है। समाधान दिवस में लोगों ने इस संबंध में तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर रेलवे अधिकारियों से उचित कार्रवाई की अपील की। इस ट्रेन से रोज बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रा करतीं हैं। लेकिन ट्रेन में महिला कोच न होने के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार भीड़ में छेड़छाड़ जैसी घटनाएं भी होती हैंसीताराम दुबे सहित अन्य नागरिकों ने मांग की कि महिला यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष महिला कोच की व्यवस्था की जाए।

### किशोरी से अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने नाबालिग बेटी के साथ हो रही अभद्रता और मिल रही धमकी की पुलिस से शिकायत की है। उसने आरोप लगाया मोहल्ले का ही एक किशोर उसकी 16 साल की बेटी से अभद्रता करता है। बीते दिनों आरोपी अपने साथियों के साथ पीड़िता के घर के बाहर भी पहुंचा और गाली देते हुए जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर ने बताया प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच पूर्व में जान-पहचान थी। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है।

### तीन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा

**भुता, अमृत विचार :** गांव कंजा चकरपुर में कुआंडांडा बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता रमेश चंद्र ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नेत्रपाल , कमला देवी, इंद्रपाल बिजली चोरी करते पाए गए। तीनों लोगों के खिलाफ 138बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अवर अभियंता रमेश चंद्र ने बताया उपभोक्ताओं पर अधिक बिल बकाया होने के कारण बिजली काट दी जाती है। इसके बाद चोरी से लाइन जोड़ना कानूनी अपराध है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है अपना बिजली बिल समय से जमा कर इस तरह होने वाली समस्या से बचें। चेकिंग दौरान के अभियान के तहत दिनेश कुमार, मुख्तयार सिंह, अरुन, मुनेंद्र, सतवीर, कुलदीप आदि लोगों उपस्थित रहे।

### संविधान का अपमान है, सपा करेगी संघर्ष



**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर तहसील के रुरिया गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्थापित की जा रही प्रतिमा को हटाने के लग रहे आरोपों के बीच सपा ने इसे संविधान विरोधी बताया। सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने पार्टी के नेताओं के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कहा प्रतिमा न लगने देना प्रशासन की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह संविधान निर्माता का नहीं बल्कि संविधान का अपमान है। सपा इसके खिलाफ संघर्ष करेगी। जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि तत्काल प्रतिमा की स्थापना सुनिश्चित की जाए, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी दी। पूर्व विधायक विजय पाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा हमारी चेतना और आत्म-सम्मान की प्रतीक है। हम यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान फरीदपुर विधानसभा अध्यक्ष बलराम यादव, श्रमिक सभा के अध्यक्ष यशवीर यादव, संजीव कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

### 324 जरूरत मंदों को वितरित किए कृत्रिम उपकरण

**आंवला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 324 वरिष्ठ जनों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए। शिविर का आरंभ बतार मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने कहा सरकार का उद्देश्य है कि दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को मुख्य धारा से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र लाभार्थी छूट गया है तो उसका पंजीकरण ब्लॉक स्तर पर कराकर भविष्य में उसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में एसडीएम एन राम, मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह, आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, चेयरमैन सय्यद आबिद अली, पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, समाजसेवी डॉ संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने पड़ोसी के घर में घुसकर की मारपीट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रंजिशन दबंगों ने पड़ोसी के घर पर धावा बोलकर परिवार के लोगों को पीटकर घायल कर दिया। घायल की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम बरखन निवासी रमजानी की पत्नी नूरजहां का आरोप है उनके परिवार से पड़ोसी शरफुद्दीन का परिवार रंजिश मानता है। जिसके चलते शुक्रवार शाम 8 :00 बजे शरफुद्दीन, रिजवान, शहादत , जुनैद और आरिफ ने दो साथियों के साथ लाठी-डंडे और बांका लेकर दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुस आए और उसके पति रमजानी पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उसे व उसकी बेटियों शहाना और शमा के साथ ही पड़ोसी रइस अहमद की पुत्री नेहा से भी मारपीट कर दिया। पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### महिला की अश्लील वीडियो बनाई, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया उसके घर एक दूर का रिश्तेदार सर्वेश निवासी शरीफगंज थाना जहानाबाद रहने लगा था। बीते रोज उसने उसका नहाते समय वीडियो बना लिया। और उसे वीडियो दिखाकर अवैध संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो डिलीट करने के बदले 74 हजार रुपये उसने दिए। परंतु आरोपी अब 20 हजार रुपये मांग रहा हैं। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### बेकाबू बाइक पेड़ से टकराई, युवक घायल

**सिरौली, अमृत विचार :** एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। रामपुर के विनोद सागर शनिवार दोपहर 2 :00 बजे सिरौली से अपने गांव टांडा लौट रहे थे। वह बाइक से जैसे ही सिरौली नगर पंचायत से आगे पहुंचे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई, जिससे वह घायल हो गए। इसकी सूचना सिरौली पुलिस और यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को अपनी गाड़ी में डालकर कर रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद परिजन भी पहुंच गए। विनोद सागर ने बाइक चलते हुए हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं।

### भुता ब्लाक के अध्यक्ष बने अवनीश गंगवार

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में भुता ब्लॉक में शनिवार को नवीन कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने की। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष पद पर अवनीश गंगवार व कार्यकारी अध्यक्ष संजीव शंखधर को बनाया गया। वहीं महामंत्री पद पर सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेमलाता, महिला उपाध्यक्ष अंजू अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री शिल्पी गंगवार, उपाध्यक्ष बिंद्रेश गंगवार, संयुक्त मंत्री आदित्य गंगवार का चयन किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार, जिला सह संगठन मंत्री निमित्त पाठक, महिला अध्यक्ष पारुल चंद्र, जिला संयुक्त महामंत्री उषा देवी, जिला उपाध्यक्ष शालिनी सक्सेना, जिला मंत्री शिखा अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आलम पुर राजेंद्र प्रसाद तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर सत्यार्थ पाराशरी आदि मौजूद रहे।

### आपत्ति जनक पोस्ट से हिंदुओं में आक्रोश

**सिरौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव के युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक पोस्ट की, जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश है। इस मामले को हिंदू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष आशीष कठेरिया ने अपने अकाउंट पर पोस्ट कर तत्काल प्रभाव से युवक को गिरफ्तार करने के लिए मांग की है। उच्च अधिकारियों के आदेश पर थाना सिरौली पुलिस हरकत में आ गई और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना सिरौली प्रभारी जगतसिंह ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नहीं होगी कोई बीमारी, योग करने की करें समझदारी

## 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया, योगाचार्यों ने जगह- जगह सामूहिक योगाभ्यास कराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। योगाचार्यों ने जगह-जगह सामूहिक योगाभ्यास कराके लोगों को योग के फायदे बताते हुए इन्हें नियमित जीवन में अपनाने की सलाह दी।

रिठौरा के पीएमश्री विद्यालय में विश्व योग दिवस पर छात्रों के साथ बीईओ सत्यदेव गंगवार ने भी योग किया। उन्होंने छात्रों को योग के महत्व को बताते हुए कहा प्राचीन काल से योग स्वस्थ्य शरीर के लिए उपयोगी है। योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रूबी आर्य, शिक्षिका रंजना भाटिया, अनूप कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

संथल में सरस्वती शिशु मन्दिर में मुख्य अतिथि के रूप में आए रिठौरा नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन आरके कश्यप ने कहा रोज योग करना चाहिए। योग शिक्षक आशीष देवल व बादल सिंह द्वारा सभी को योग कराया गया। इस दौरान राकेश चंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य शिव शंकर, विद्याराम गंगवार, भगवान स्वरूप प्रजापति आदि मौजूद रहे।

फतेहगंज पूर्वी के प्राथमिक विद्यालय सिमरा हरचंद सिंह में योग दिवस मनाया गया। जिसकी शुरुआत ॐ ध्वनि से की गई। स्कूल की अध्यापिका कन्यावती ने बताया योग ऐसा उपाय है जिसके करने से आपको को रोग नहीं होगा। स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने कहा करिए योग, रहिए निरोग। प्राथमिक विद्यालय निवरिया, अशोकपुर, शाहपुर बनियान, सिपहिया गोटिया, समेत तमाम विद्यालयों में एवं थाना प्रांगण समेत सरकारी भवनों में योग दिवस मनाया गया। थाना परिसर में पुलिस स्टाफ के अलावा गणमान्य नागरिकों में पवन राज मिश्रा, कामराज मिश्रा, प्रशांत मिश्रा ,अरुण मिश्रा, आदि लोग भी मौजूद रहे।

**मीरगंज में कॉलेजों और कार्यालयों में हुआ योग:** क्षेत्र के सभी संस्थानों में योग दिवस मनाया गया। राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम तृप्ति गुप्ता रहीं, उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान आशीष कुमार सिंह, अरविंद कुमार, अनिल कुमार , प्राचार्य प्रो. शिव कुमार सिंह, डॉ. पारुल जैन, केपी सिंह, वीरेंद्र शर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार, नीवन कुमार सिंह, डॉ. कुंवरपाल सिंह, डॉ. रोहिताश शर्मा, राजेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। स्वामी दयानन्द सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में योग शिक्षक लक्ष्मन स्वरूप, संतोष कुमार, संजीव कुमार ने योगासन एवं प्राणायाम कराए। इस दौरान प्रबन्धक डॉ. सत्यवीर गंगवार, पंकज गंगवार ,प्रधानाचार्ये आदेश पाल गंगवार, राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की इकाई मीरगंज में ओमकार गंगवार ने योग कराया।

इस मौके पर अरविंद गंगवार, ओम प्रकाश वर्मा, अभिषेक शर्मा, महेंद्र अग्रवाल, संजय कुमार सिंह, नवीन श्रीवास्तव, शेषनाथ यादव, अनिल गुप्ता, अरविंद राठी, ,आलोक पांडे,आलोक वर्मा,अनुराग तिवारी, उत्कर्ष अवस्थी,आदि उपस्थित रहे। राजेन्द्र प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार गंगवार ने, सत्यपाल सैनी, भानु प्रताप सहित अन्य कॉलेज स्टाफ ने योग किया। मुक्त प्रसाद डिग्री कॉलेज में छात्रों ने सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर दिनेश गंगवार ने छात्र-छात्राओं को योग के माध्यम से होने वाले फायदे बताए। वहीं सीएचसी में चिकित्साधीक्षक डॉ. वैभव राठौर, थाने में एसएचओ प्रयागराज सिंह, ब्लॉक सभागार में बीडीओ भगवानदास के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।



रिठौरा में योगाभ्यास करतीं छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार



आंवला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### पुलिस कर्मियों ने किया योग

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में प्रधानाचार्य धर्मपाल एवं ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह, एडीओ अभय आर्य थाना परिसर में थाना प्रभारी सतीश कुमार, गांव बेहटा बुजुर्ग में प्रधानपति अब्दुल सत्तार अंसारी निसोई गांव में प्रधान पति ओमकार कश्यप के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक मुख्यालय पर समस्त सचिव एवं ब्लॉक स्टाफ, सरस्वती विद्या मंदिर बिशारतगंज पर पूर्व चेयरमैन सूरजपाल मौर्य, नानक राम सागर, सतीश गंगवार, राजकुमार मौर्य, प्रेम शंकर मौर्य, गुड्डू भारती, राम रतन साहू थाना परिसर में योग किया।



### छावनी परिषद में किया गया योगासन

**कैंट, अमृत विचार :** छावनी परिषद की ओर से योग संगम का आयोजन आरएन टैगोर इंटर कॉलेज में किया गया। छावनी परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों उनके परिवार के सदस्यों ने योग प्रशिक्षक आदित्य कुमार के निर्देशन में योग क्रियाएं की। इस दौरान छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी रविन्द्र, रक्षा संपदा अधिकारी शिल्पा ग्वाल, छावनी परिषद के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल ने योग के लाभों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर आरएन टैगोर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या वंदना मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक श्रीधर शुक्ला समेत भारी संख्या में लोगों ने योग में भाग लिया।

### योगाभ्यास किया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में जगह- जगह सामूहिक योगाभ्यास किया गया। भोजीपुरा ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल ने ग्राम खितौसा मंदिर परिसर में योग किया गया। ग्राम अलीनगर व दोहरिया जागीर के प्राथमिक विद्यालयों में गांव के लोगों सहित स्कूलों के समस्त स्टाफ ने योगाभ्यास किया। बीईओ विवेक शर्मा ने कहा एक सेहतमंद समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। बीआरसी में विवेक शर्मा, ब्लॉक परिसर में बीडीओ कमल श्रीवास्तव, स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चौधरी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया।

### छात्रों ने किया योगाभ्यास

**फरीदपुर :** ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज एवं विद्याश्री पार्थ डिग्री कालेज चठिया फैजू बरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एनसीसी कैडेट्स और छात्रों ने योग दिवस पर योगाभ्यास किया। मेंबर सिंह यादव के नेतृत्व में योग अध्यापक योग कराया गया। इस दौरान कॉलेज चेयरमैन डॉ. हरीओम सिंह राठौर, सोनी सिंह चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।

### जगह-जगह हुआ योग

**शेरगढ़ :** ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने ग्राम पंचायत इटौआ में ग्रामीणों के साथ योग किया तो वहीं ब्लॉक कार्यालय पर बीडीओ सुखपाल सिंह ने योग कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, आदित्य गौरव श्रीवास्तव, बीईओ मुकेश कुमार भारती, प्रबंधक भूपराम श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य कल्याण राय श्रीवास्तव, संजीव कुमार शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने सभी से नियमित योगाभ्यास करने की सलाह दी, ताकि स्वस्थ्य जीवन जी सकें।

### सूर्य नमस्कार कराया

**भदपुरा :** राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह ने छात्रों और ग्रामीणों के साथ योगाभ्यास किया। डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने योग शिक्षक के रूप में सूर्य नमस्कार व योग करवाया। इस दौरान शांति कुंज परिवार से बालक राम व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम से जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की मांग

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बहेड़ी तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनीं, इस दौरान 144 शिकायतें आईं, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सभासदों ने मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग की, जिससे धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। इसी तरह कुछ मोहल्लों में जलभराव, टूटी सड़कों और नालियों की साफ-सफाई न होने की समस्याएं सामने आईं। ग्राम चगौली निवासी विधवा ने गांव के दबंगों पर भूमि पर कब्जा कर कूड़ा डालने से रोकने की शिकायत की और कानूनी कार्रवाई की मांग रखी। इस मौके पर सीएमओ विश्राम सिंह,एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर , अशुतोष द्विवेदी , राजेश कुमार मौर्य, थाना प्रभारी शीशगढ़ समेत अन्य मौजूद रहे।



बहेड़ी तहसील परिसर में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम और एसएसपी।

### तहसील सदर में 34 शिकायतें पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** तहसील सदर के सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायतें पहुंचीं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने शिकायतों सुनीं। रिपोर्ट नहीं लिखने, पारिवारिक पेंशन, आवास स्वीकृत नहीं होने आदि शिकायतें लेकर फरियादी पहुंचे। मौके पर एक भी शिकायत निस्तारित नहीं की गई।

### योगाचार्य ने बताया योग का महत्व

**फरीदपुर, अमृत विचार :** शिक्षण संस्थानों के अलावा विभिन्न स्थानों पर योग दिवस मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय कादरगंज में प्रधानाचार्य हेमाली गुप्ता, बबीता गौतम , शिवानी, मां भगवती शिशु शिक्षा सदन रियाना कलां भुता में प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर में प्राचार्य प्रो. पूनम सक्सेना के नेतृत्व में योग किया गया। डॉ. अमित कुमार सिंह ने महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया। ब्लॉक सभागार में विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल एवं भाजपाइयों ने विभिन्न प्रकार के योग क्रिया को किया। इस मौके पर अमिताभ सिंह, प्रतुल अग्रवाल, आतिश अग्रवाल, ब्रहमेंद्र मिश्रा, अभिमन्यु सिंह, अनुज शर्मा पुष्पेंद्र यादव समेत अन्य रहे। तहसील परिसर में एसडीएम मालिका नैन की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें तहसीलदार सुरभि राव के अलावा सभी राजस्व कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा द्वारिकेश चीनी मिल में भी डिप्टी मैनेजर सुशील कुमार की अध्यक्षता में में आयोजित हुई योग दिवस में सभी ने मनाया।

### शैक्षिक संस्थानों में हुआ योग दिवस का आयोजन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कृष्णा इंटर कॉलेज और जेपीएन इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय में सभी वर्ग के बच्चे व शिक्षकों ने योग प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इस अवसर पर योग के प्रति जागरूकता के लिए बच्चों के बीच हिंदी व अंग्रेजी के साथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधायक एम पी आर्य सहित प्रधानाचार्य लाल बहादुर, देवेंद्र कुमार, महावीर प्रसाद, यशवर्धन, प्रदीप सूरी आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में हुआ आयोजन

**शाही, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में भाजपा के जिलामंत्री अंकित शुक्ला की उपस्थिति में योगा हुआ। जिसमें अनुरोध सिंह , शिवम शर्मा, अंकित महेश्वरी, दीपक रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, आदेश रस्तोगी, दीप सिंह, कमल शर्मा, सुमित शर्मा, डॉ. अमित शर्मा आदि ने योग क्रियाएं की।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**देवरनियां, अमृत विचार :** रिछा के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों ने योग क्रियाएं की। इसके अलावा छात्रों में प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्राथमिक विद्यालय तेजनगर में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वीरवती के नेतृत्व में योगा किया गया। इस दौरान सहायक अध्यापक ज्योति सिंह, हसीब अहमद, राधा समेत अन्य मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर में मंत्री बलवीर सिंह ने कहा योग हमारे जीवन का आवश्यक अंग है। प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर निरोग रहता है। कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में प्रधान अध्यापक विनोद कुमार वर्मा ने सभी को योग का महत्व बताया। कोतवाली देवरनियां, बीआरसी केन्द्र रिछा, सीएचसी रिछा समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में भी योग दिवस मनाया गया।

### इफको प्लांट में की गई मॉक ड्रिल

**आंवला, अमृत विचार :** इफको आंवला संयंत्र में शनिवार दोपहर अचानक सायरन बजने से अफरा-तफरी मच गई। प्लांट में अमोनिया गैस रिसाव का अलर्ट मिलने पर फायर ब्रिगेड, सुरक्षा और मेडिकल टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। हालांकि बाद में स्पष्ट हुआ कि यह एक मॉक ड्रिल थी, जिसका उद्देश्य आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों की जांच करना था। मॉक ड्रिल के दौरान संयंत्र की अग्निशमन टीम, सुरक्षा बल, एंबुलेंस और मेडिकल यूनिट ने तत्परता दिखाई। ड्रिल में कुछ कर्मचारियों को गैस की चपेट में आने का अभिनय किया गया, जिन्हें संयंत्र अस्पताल ले जाया गया। एक कर्मचारी जयपाल को बरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक में संयंत्र प्रबंधन और अधिकारियों ने ड्रिल की कार्यप्रणाली और आपदा से निपटने की व्यवस्था की समीक्षा की। वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजीत प्रधान ने बताया कि संयंत्र में आपात स्थिति से निपटने के लिए आधुनिक उपकरण और अनुभवी स्टाफ मौजूद है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य संयंत्र की तैयारियों की जांच करना और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना है।

# दबंगों ने व्यापारी नेता पर किया जानलेवा हमला

● पिटाई का वीडियो वायरल, घायल ने आरोपियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार:** होटल पर दोस्तों के साथ शुक्रवार रात चाय पीने गए व्यापारी नेता पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर गम्भीर घायल कर दिया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। व्यापारी नेता को इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया।

मोहल्ला दयालपुरा निवासी राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष राजीव गुप्ता रात 10 बजे दोस्तों के साथ होटल से चाय पीकर निकले तभी दबंगों ने बेल्ट और डंडे से पीटना शुरू कर दिया। व्यापारी नेता को उनके साथियों ने बचाया। आक्रोशित व्यापारियों ने कोतवाली पहुंच कर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। व्यापारी नेता की तहरीर पर पुलिस ने हाफिजगंज के सुडयावा निवासी दिनेश गंगवार व औरंगाबाद के सूरज गंगवार के साथ ही तीन -चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया। नगर के आस पास खुले होटल दबंगों के अड्डे बनते जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी बाईपास स्थित एक रेस्टोरेन्ट पर भी कुछ इसी तरह की घटना हो चुकी है। जब परिवार के साथ बर्थ डे पार्टी कर रहे एक भाजपाई को दबंगों ने पीट। पुलिस ने मामले में शान्ति भंग की कार्रवाई कर निपटा दिया।



व्यापारी की पिटाई करते दबंग।

### तहसील में महिला ने किया हंगामा

**नवाबगंज, अमृत विचार:** समाधान दिवस में दो -दो बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं होने पर महिला ने तहसील परिसर में किया हंगामा। उसे नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिस बुलानी पड़ी। ग्राम अहरोला निवासी रेशमा देवी ने 6 माह पहले समाधान दिवस में आम रास्ते और होली की जगह पर जल भराव की शिकायत की थी। मौके पर जांच टीम ग्राम प्रधान को नाली की मरम्मत कर तालाब तक पहुंचाने के निर्देश देकर लौट गई और समस्या जस की तस बनीं रही। जिस पर महिला ने 17 मई को समाधान दिवस में पुनः शिकायत की। आरोप है कि इस शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण के बाद ग्राम सचिव ने कुछ ग्रामीणों पर जल निकासी रोकने का फर्जी आरोप लगाते हुए मनगढ़ंत रिपोर्ट लगाकर फर्जी निस्तारण कर दिया। निस्तारण न होने से खिन्न महिला ने शनिवार को हंगामा कर दिया।

# बीडीए ने अवैध कॉलोनी को ढहाया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र में नगर के पास नई कॉलोनियां बस रही हैं, ऐसी ही एक अवैध कॉलोनी को बीडीए के दस्ते ने ढहा दिया। नक्शा स्वीकृत होने के बाद भी बीडीए ने हाईवे के पास एक कॉलोनी को अवैध बताते हुए बुलडोजर चला दिया।

दरअसल विगत वर्ष जून माह में बीडीए का सीमा क्षेत्र विस्तार हुआ, जिसमें फरीदपुर नगर क्षेत्र के समीप के भी कुछ गांव इसमें शामिल हो गए। शनिवार दोपहर बरेली विकास प्राधिकरण की टीम बुलडोजर लेकर हाईवे पर स्थित शिव धाम कॉलोनी पहुंची और कॉलोनी की सड़क और बिजली के खंभों को उखाड़ दिया। कॉलोनाइजर को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह दौड़ता हुआ मौके पर पहुंचा और उसने प्राधिकरण के लोगों को नगर पालिका से स्वीकृत नक्शा दिखाया तो उन्होंने पालिका के नक्शे को फर्जी बता दिया। कुछ देर तोड़फोड़ करने के बाद बीडीए की टीम वापस लौट गई। नगर पालिका के प्रभारी अधिकारी सुरजीत सिंह चौहान ने बताया पालिका की ओर से नियमानुसार नक्शे पास किए गए हैं बाकी बीडीए का सीमा विस्तार कहां तक है इसके बारे में कोई अधिकृत जानकारी उनके पास नहीं है।



बीडीए के बुलडोजर ने गिराया निर्माण।

**सार्वजनिक सूचना**

प्रीति रानी कुलदीप कुमार निवासी 225 सैनिक कालौनी गली नं. 1 तुलाशेरपुर बरेली, मैं सूचित करना चाहती हूँ कि मोहल्ला आशुतोष सिटी, विहार मान नगला, परगना व तह. जिला बरेली प्लाट नं. 8 व 9 खसरा सख्या 305, 506, 507 व 509 में से 87.79 वर्ग मीटर मेरी है। इसको मूल मालिक लता आनन्द W/o प्रहलाद आनन्द जी, लता आनन्द जिनकी मृत्यु 26.2.2020 को हो गयी है। इनके दो वारिस निधी मेहरा, वैभव आनन्द है। इन दोनों के अलावा यदि कोई अन्य इस सम्पत्ति का वारिस होने का दावा करता है तो वो नोटिस प्रकाशित होने की तिथि से अगले सात दिन में अपनी आपत्ति दर्ज करावे।

स्थान बरेली 9149340959
प्रीति रानी
पत्नी कुलदीप कुमार
225 सैनिक कालौनी,
संजय नगर, बरेली।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 30/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : **1.** समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत कासगंज-भोजीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। **2.** समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत भोजीपुरा-लालकुआँ अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 9,32,31,990.77, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,16,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 11.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),
मुजाधि/डब्लू - 128 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस),लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं0: M/DSL/IZN/TC/OT/97 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रिपेयर ऑफ एयर कन्डीशनिंग इक्यूपमेंट फॉर ड्राइवर कैब्स ऑफ एच0एच0पी0 लोकोमोटिव्स ऑफ लोको शेड, इज्जतनगर। **कार्य की अनुमानित लागत (रु0 में):** ₹ 29,26,400/-(सभी कर सहित), **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी (रु0 में):** ₹ 58,500/-, **कुल मात्रा:** 08 अदद, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रूपये 0.00 (शून्य), **कार्य की अवधि:** 01 वर्ष। **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.07.2025 को समय 15:00 बजे। **नोट-1.** निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 15.07.2025 को समय 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे।**2.** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(टीआरएस)
मुजाधि/विद्युत-62 लोको शेड, इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in

**Ph.D. Admission Notice**

Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.

REGISTRAR

